कार्यालय संयुक्त निदेशक फायर सर्विस मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ।

पत्रांक: 08/जे0डी0/फा0स0/लखनऊ–18(गौतम0)/ 26 दिनांक: जनवरी 16 2018.

सेवा में,

महाप्रबन्धक, (वास्तु एवं नियोजन)
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण,
जनपद–गौतमबुद्धनगर।

विषयः **मैसर्स श्रीधरा इन्फ्राटेक प्रा0लि0, द्वारा प्लाट न0 जी0एच0–02ए0, सेक्टर–10, ग्रेटर नौएडा जनपद गौतमबुद्धनगर मे प्रस्तावित ग्रुप हाऊसिंग आवासीय भवन "हैप्पी ट्रैल्स" के (टावर नं0–01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08, 09, 10,11, एवं 12) कुल 12 अदद टावरों की अग्निशमन व्यवस्थाओ का प्रोवीजनल अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध मे।**

सन्दर्भः यूआईडी:2017/39212/जीवीएन/गौतमबुद्धनगर/7950/जे0डी0

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र के माध्यम से प्रश्नगत आवासीय भवन के निर्माण हेतु मानचित्रों पर अग्निशमन व्यवस्थाओं का प्रोवीजनल अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने हेतु मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौतमबुद्धनगर से अनुरोध किया गया है।

उक्त के अनुपालन मे प्रश्नगत भवन का अग्निशमन अधिकारी ईकोटेक–03 ग्रेटर नौएडा श्री शेषनाथ यादव से मानचित्रों का परीक्षण कराया गया तथा उनके द्वारा अपनी संस्तुति आख्या दिनांकः 06–1–2018 मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौतमबुद्धनगर श्री अरूण कुमार सिंह को प्रेषित की गयी जिसका उनके द्वारा परीक्षण कर अपनी संस्तुति आख्या दिनांकः 10–01–2018 उपनिदेशक, फायर सर्विस मेरठ परिक्षेत्र श्री अमन शर्मा को उपलब्ध करायी गयी तथा उनके द्वारा सुसंगत मानको के अनुसार परीक्षण कर अपनी संस्तुति आख्या दिनांकः 13–01–2018 मय पत्रावली इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी जिसका सुसंगत मानको के अनुसार परीक्षण किया गया विवरण निम्नवत है:–

**भवन की संरचना**:– कुल पॉकेट एरिया–34,769.00 वर्ग मी0 है, जिसमें प्रस्तावित 12 टावरों का फ्लोरवाईज एरिया विवरण निम्नवत है:–

| क0स0 | नाम टावर | तलों का विवरण | भूतल कवर्ड एरिया वर्ग मी0। | टिपिकल कवर्ड एरिया वर्ग मी0। | स्टेयर की संख्या एवं चौडाई मी0। | ऊचाँई मी0। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | टावर–01 | बेस0+स्टिल्ट/भूतल एवं 27 तल | 295.319 | 231.797 | 02 अदद 01.50/01.25 | 84.45 |
| 02 | टावर–02 | बेस0+स्टिल्ट/भूतल एवं 27 तल | 295.319 | 231.797 | 02 अदद 01.50/01.25 | 84.45 |
| 03 | टावर–03 | बेस0+स्टिल्ट/भूतल एवं 27 तल | 295.319 | 231.797 | 02 अदद 01.50/01.25 | 84.45 |
| 04 | टावर–04 | बेस0+स्टिल्ट/भूतल एवं 27 तल | 295.319 | 231.797 | 02 अदद 01.50/01.25 | 84.45 |
| 05 | टावर–05 | बेस0+स्टिल्ट/भूतल एवं 26 तल | 295.319 | 231.797 | 02 अदद 01.50/01.25 | 81.40 |
| 06 | टावर–06 | बेस0+स्टिल्ट/भूतल एवं 26 तल | 295.319 | 231.797 | 02 अदद 01.50/01.25 | 81.40 |
| 07 | टावर–07 | बेस0+स्टिल्ट/भूतल एवं 26 तल | 295.319 | 231.797 | 02 अदद 01.50/01.25 | 81.40 |
| 08 | टावर–08 | बेस0+स्टिल्ट/भूतल एवं 27 तल | 675.656 | 619.514 | 02 अदद 01.50/01.25 | 84.45 |
| 09 | टावर–09 | बेस0+स्टिल्ट/भूतल एवं 27 तल | 675.656 | 619.514 | 02 अदद 01.50/01.25 | 84.45 |
| 10 | टावर–10 | बेस0+स्टिल्ट/भूतल एवं 27 तल | 675.656 | 619.514 | 02 अदद 01.50/01.25 | 84.45 |
| 11 | टावर–11 | बेस0+स्टिल्ट/भूतल एवं 27 तल | 736.893 | 671.785 | 02 अदद 01.50/01.25 | 84.45 |
| 12 | टावर–12 | बेस0+स्टिल्ट/भूतल एवं 27 तल | 736.893 | 671.785 | 02 अदद 01.50/01.25 | 84.45 |
| 13 | कॉमर्शियल | बेस0+भूतल एवं 02 तल | 498.227 | 497.237/245.163 | 01 अदद 01.50 | 13.05 |
| 14 | कम्युनिटी | बेस0+स्टिल्ट/पोडियम एवं 01 तल | 545.770 | 545.771/445.276 | 01 अदद 01.50 | 13.15 |
| 15 | **बेसमेन्ट**:– प्रश्नगत भवन मे एकल बेसमेन्ट जिसका कवर्ड एरिया–29,890.983 वर्ग मी0 प्रस्तावित है। | | | | | |

**भवन का अधिभोग विवरण**:– प्रश्नगत भवन का अधिभोग एन0बी0सी0–2016 की आवासीय भवन श्रेणी ए0–04 के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है।

**ग–ढांचागत व्यवस्था**:–

**1–पहुँच मार्ग**:– भूखण्ड के सामने मानचित्रों मे 24 मी0 रोड की चौडाई अंकित की गई है। जो मानको के अनुसार है।

**2–प्रवेश द्वार**:– प्रश्नगत भवन मे 02 प्रवेश/निकास द्वार जिनकी चौडाई 06.00 मी0 एन0बी0सी0 मानक के अनुसार प्राविधानित है।

**3–सैटबेक**:– प्रस्तावित भवन का सैटबेक निम्नवत है:–

**ए0**–अग्रभाग–15.00 मी0। **बी0**–पृष्ठ भाग–09.00 मी0।

**सी0**–पार्श्व भाग प्रथम–09.00 मी0। **डी0**–पार्श्व भाग द्वितीय–09.00 मी0 प्रस्तावित है।

उपरोक्तानुसार प्रश्नगत भवन के सैटबेक भवन नौएडा भवन विनियमावली के अनुसार है, जिनको अग्निशमन वाहनों की आवश्यकताओं हेतु भवन के चारो ओर–06–06 मी0 मोटरेबुल हार्ड मार्ग उपलब्ध रखा जाना प्रस्तावित है। जिनको सदैव अवरोध मुक्त रखे जाये जिसमे किसी प्रकार का स्थाई/अस्थायी निर्माण कार्य एवं पार्किंग अनुमन्य नही होगी।

(अरविन्द कुमार)
संयुक्त निदेशक, फायर सर्विस
उ0प्र0 लखनऊ

**4–निकास मार्गः–** प्रश्नगत भवन में उपरोक्त तालिकानुसार स्टेयरकेस का प्राविधान किया गया है। तथा बेसमेन्ट में 02 अतिरिक्त रैम्प प्राविधानित है। तथा समस्त स्टेयरकेस एनक्लोजर सहित फायर चैक डोर एवं अन्य ओपनिंग 02 घण्टे तापरोधी क्षमता की निर्मित की जानी अनिवार्य होगी स्टेयर नैचुरली वेन्टीलेटिड रखी जाये एवं फ्लोर के समस्त स्थानों से ट्रेवलिंग डिस्टेन्स अधिकतम अनुमन्य सीमा के अन्तर्गत है।

**5–रिफ्यूज एरियाः–** प्रश्नगत भवन में रिफ्यूज एरिया हेतु प्रत्येक फ्लैट में बालकानी का प्राविधानित किया गया है। जो मानको के अनुसार है।

**घ–अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाः–** प्रस्तावित भवन में नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इण्डिया–2016 के अनुसार निम्नांकित अग्निशमन व्यवस्थायें मानको के अनुसार प्राविधानित है।

**1–होजरीलः–** प्रस्तावित भवन के प्रत्येक टावर के प्रत्येक तल पर होजरील लैण्डिंग वाल्व, मय होजरील एवं होज बाक्स, व साधारण ब्रान्च पाइप का प्राविधान मानको के अनुसार प्राविधानित है।

**2–भूमिगत टैंकः–** भूमिगत टैंक 2,50,000 दो लाख पचास हजार ली0, क्षमता के 02 अदद नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इण्डिया के अनुसार स्थापित कराये जाने प्राविधानित है।

**3–पम्पसः–** अण्डर ग्राउण्ड टैंक के पास 2850 एल0पी0एम0 क्षमता के 02 अदद विद्युत चालित मेन पम्प, (हाईड्रेण्टस व स्प्रिंकलर) व डीजल चालित पम्प 2850 एल0पी0एम0 क्षमता के 02 अदद, एवं 02 अदद जौकी पम्प 180 एल0पी0एम0, क्षमता तथा 01 अदद अतिरिक्त कर्टेन पम्प मानको के अनुसार स्थापित कराये जाने प्राविधानित है।

**4–टेरिस टैंकः–** प्रस्तावित भवन के प्रत्येक टावर की प्रत्येक टेरिस पर टेरिस टैंक क्षमता 10,000 हजार ली0, एन0बी0सी0 मानको के अनुसार प्राविधानित है।

**5–टेरिस पम्पः–** प्रस्तावित भवन में एन0बी0सी0 मानको के अनुसार वांछनीय नही है।

**6–वेटराइजरः–** प्रस्तावित भवन मे वेटराईजर सिस्टम एन0बी0सी0 मानक के अनुसार प्राविधानित है।

**7–यार्ड हाईड्रेण्टसः–** प्रस्तावित सम्पूर्ण भवन परिसर मे रिंग लाइन जिस पर यार्ड हाईड्रेण्टस होज केबिनेट एवं उसमे डिलीवरी होज तथा ब्रान्च पाइप एवं फायर सर्विस इन्लेट का एन0बी0सी0 एवं उसमे सन्दर्भित बी0आई0एस0 मानक के अनुसार प्राविधानित है।

**8–आटोमेटिक स्प्रिंकलर सिस्टमः–** प्रस्तावित भवन के बेसमेन्ट सहित सम्पूर्ण भवन के प्रत्येक टावर के समस्त तलों पर आटोमेटिक स्प्रिंकलर सिस्टम एन0बी0सी0 मानक के अनुसार प्राविधानित है।

**9–आटोमेटिक डिटेक्शन एण्ड एलार्म सिस्टम सिस्टमः–** प्रस्तावित सम्पूर्ण भवन में आटोमेटिक डिटेक्शन एण्ड फायर एलार्म सिस्टम एन0बी0सी0 मानको के अनुसार प्राविधानित है।

**10–मैनुअली आपरेटिड इलैक्ट्रिक फायर एलार्म सिस्टमः–** प्रस्तावित सम्पूर्ण भवन मे मैनुअल आपरेटिड इलैक्ट्रिक फायर एलार्म सिस्टम एन0बी0सी0 मानको के अनुसार प्राविधानित है।

**11–प्राथमिक अग्निशमन उपकरण (फायर एक्सटिंग्यूशर):–** प्रस्तावित भवन मे निर्माण के उपरान्त फायर एक्सटिंग्यूशर आई0एस0–2190 के अनुसार वॉछनीय है।

**12–स्मोक एक्स्ट्रेक्शन सिस्टमः–** प्रश्नगत भवन में स्मोक एक्स्ट्रेक्शन सिस्टम की व्यवस्था एन0बी0सी0 मानकी के अनुसार स्थापित कराया जाना वॉछनीय है।

**13–प्रेशराईजेशन सिस्टमः–** प्रश्नगत भवन के स्टेयरकेस को नैचुरली वेन्टीलेटिड रखा जाना अनिवार्य है।

**14–कम्पार्टमेन्टेशनः–** प्रस्तावित भवन में कम्पार्टमेन्टेशन एन0बी0सी0–2016 के सुसंगत मानको के अनुसार वॉछनीय है।

**15–पी0ए0 सिस्टमः–** प्रश्नगत भवन मे पी0ए0 सिस्टम एन0बी0सी0 मानक के अनुसार वॉछनीय है।

**16–एग्जिट साईनेजः–** प्रस्तावित भवन मे निर्माण के उपरान्त एग्जिट साईनेज स्थापित कराये जाने अनिवार्य होगे।

17–प्रश्नगत भवन मे इमरजेन्सी/स्केप लाईटिंग एन0बी0सी0–2016 मे उल्लेखित प्राविधानों के अनुसार कराया जाना आवश्यक होगा।

18–भवन मे निर्माण के पश्चात व उपयोग से पूर्व भवन मे अधिष्ठापित अग्निशमन प्रणाली के कुशल संचालन व सदैव कार्यशील बनाये रखने हेतु एन0बी0सी0–2016 मे उल्लेखित मानको का पालन अनिवार्य होगा।

अतः उपरोक्तानुसार संस्तुति आख्याओं के आधार पर प्रश्नगत भवन मैसर्स श्रीधरा इन्फ्राटेक प्रा0लि0, द्वारा प्लाट न0 जी0एच0–02ए0, सेक्टर–10, ग्रेटर नौएडा जनपद गौतमबुद्धनगर मे प्रस्तावित ग्रुप हाऊसिंग आवासीय भवन "हैप्पी ट्रैल्स" के (टावर नं0–01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08, 09, 10, 11, एवं 12) कुल 12 अदद टावरो की अग्निशमन व्यवस्थाओं का प्रोवीजनल अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र इस शर्त के साथ निर्गत किया जाता है कि आवेदक द्वारा भवन/इकाई मे अग्नि से सुरक्षा सम्बन्धी सभी प्राविधान भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2008 तथा नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इण्डिया–2016 मे उल्लेखित मानको के अनुसार कराये जायेंगे तथा भवन के निर्माणोपरान्त भवन का प्रयोग करने से पहले भवन में अग्नि से सुरक्षा व्यवस्थायें मानकों के अनुसार स्थापित कर उनका निरीक्षण/परीक्षण अग्निशमन विभाग से कराकर स्थाई अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा अन्यथा निर्गत किया जा रहा भवन निर्माण हेतु अस्थाई अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

संलग्नकः मानचित्र।

(अरविन्द कुमार)
संयुक्त निदेशक, फायर सर्विस,
उ0प्र0 लखनऊ।

प्रतिलिपिः1–उपनिदेशक, फायर सर्विस मेरठ परिक्षेत्र को उपरोक्तानुसार अनुपलनार्थ।

2–मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौतमबुद्धनगर को उपरोक्तानुसार अनुपलनार्थ।

3–अग्निशमन अधिकारी ईकोटेक–03 ग्रेटर नौएडा जनपद गौतमबुद्धनगर को उपरोक्तानुसार अनुपलनार्थ।

4–मैसर्स श्रीधरा इन्फ्राटेक प्रा0लि0, द्वारा प्लाट न0 जी0एच0–02ए0, सेक्टर–10, ग्रेटर नौएडा जनपद गौतमबुद्धनगर को अनुपालनार्थ।